मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-598
10/12/2021

# मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं का किया स्थल निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 10 दिसम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बख्तियारपुर पहुंचकर बख्तियारपुर प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया और उनके क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माणाधीन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इसका सिविल कार्य 31 मार्च 2022 तक पूर्ण हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने एस0टी0पी0 को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

एस0टी0पी0 के निरीक्षण के पश्चात् मुख्यमंत्री राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बख्तियारपुर पहुंचे। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में इंजीनियरिंग संस्थानों में लड़कियों के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित की गई हैं। हमलोग चाहते हैं कि लड़कियां उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे आयें, खूब पढ़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां के बालिका छात्रावासों में बेडों की संख्या और बढ़ायें। एक तिहाई सीटें लड़कियों के लिए आरक्षित होने के कारण यहां पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या और बढ़ेगी।

राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण भी दिया गया, जिसमें महाविद्यालय में शिक्षण व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई। प्रस्तुतीकरण के पश्चात् अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियंत्रण महाविद्यालय का एक तरफ से पटना–बख्तियारपुर 4 लेन (एन0एच0–31) सड़क से संपर्क है तो दूसरी तरफ पटना–बख्तियारपुर पुरानी एन0एच0–30 से संपर्क है। इस संपर्क पथ का चौड़ीकरण करायें, जिससे दोनों तरफ से आवागमन और आसान हो। रेल लाइन के नीचे से संपर्क पथ कम चौड़ा है, उसके ऊपर आर0ओ0बी0 का निर्माण करायें। उन्होंने कहा कि हमारा यहीं जन्म हुआ है, हमारी इच्छा थी कि बख्तियारपुर में एक इंजीनियरिंग कॉलेज बने। इंजीनियरिंग कॉलेज अब यहॉ संचालित हो रहा है, इसे देखकर काफी खुशी मिलती है। मुख्यमंत्री ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय बख्तियारपुर के परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

मुख्यमंत्री ने गंगा नदी की पुरानी धारा को बख्तियारपुर के किनारे तक वापस लाने हेतु गंगा के सोता के पुनर्रुद्धार कार्य के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने दियारा क्षेत्र एवं विभिन्न घाटों का जमीनी मुआयना किया। इस दौरान घोसवारी घाट, रवाइच ठाकुरबाड़ी घाट, सीढ़ी घाट, राम नगर दियारा, राम नगर दियारा पुल का भ्रमण किया और पुनर्रुद्धार कार्य को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने सीढ़ी घाट ठाकुरबाड़ी के पास पहुंचकर वहां के पुराने कुऍं का जीर्णोद्धार करने का निर्देश दिया। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कुंआ मीठे जल का इकलौता कुंआ था, जहां से सभी लोग पीने के लिए पानी लेकर जाते थे। उन्होंने कहा कि सीढ़ी घाट के

पास ही हमलोग बचपन में स्नान करने आते थे। मुझे अपने जन्म स्थान पर आकर अच्छा लग रहा है और पुरानी बातें याद आ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय बख्तियारपुर के पुराने भवन की जगह नये भवन के निर्माण कार्य को लेकर स्थल निरीक्षण कर जानकारी ली और जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरु करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने प्रखंड परिसर के बगल में नये पशु अस्पताल भवन का निर्माण कार्य शुरु करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुराने पशु अस्पताल परिसर का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में स्थापित शहीद मोगल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने मंजू सिन्हा प्रोजेक्ट गर्ल्स हाईस्कूल के नये भवन का निरीक्षण किया। साथ ही मंजू सिन्हा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुराने भवन का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने श्री गणेश आदर्श संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री को वहां शॉल, पुस्तक और कलम भेंटकर उनका स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री ने शीलभद्र याजी स्मृति भवन जाकर स्वतंत्रता सेनानी स्व0 शीलभद्र याजी जी एवं उनकी पत्नी स्व0 बालकेश्वरी याजी जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने वहां स्थापित स्व0 शीलभद्र याजी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बख्तियारपुर का निरीक्षण किया और परिसर में स्थापित स्व0 शीलभद्र याजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने शहीद नाथुन सिंह यादव पार्क जाकर स्वतंत्रता सेनानी नाथुन सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने इस पार्क को और विकसित करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने श्री गणेश उच्च विद्यालय बख्तियारपुर के नये भवन का निर्माण कार्य तेजी से शुरु करने का निर्देश दिया। उन्होंने श्री गणेश उच्च विद्यालय बख्तियारपुर परिसर में स्वतंत्रता सेनानी स्व0 डूमर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के डाकबंगला परिसर के गृह वाटिका में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी स्व0 कविराज रामलखन सिंह की आदमकद प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के डाकबंगला भवन में अधिकारियों के साथ बैठक कर बख्तियारपुर प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह ने विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई योजनाओं का हमने स्थल पर जाकर निरीक्षण किया है और अद्यतन स्थिति की जानकारी ली है। सभी योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करें।

भ्रमण एवं समीक्षा के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदयकांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सचिव श्री नर्मदेश्वर लाल, कृषि विभाग के सचिव श्री एन0 सरवन कुमार, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल, प्रमंडलीय आयुक्त श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी

श्री चंद्रशेखर सिंह, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के निदेशक श्री संजीव कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेन्द्र शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******